**Thirteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 26-04-2002**
**Participants : Naik Shri Ali Mohmad ,Mann Shri Simranjit Singh**

**Title: Request the Government to take action against the atrocities committed by security forces on civilians in Anantnag district of Jammu and Kashmir.**

***m01**

**श्री अली मोहम्मद नायक (अनंतनाग) :** जनाब, मैं आपके जरिए एक इशू पर एवान की तव्वजह दिलाना चाहता हूं। ज्यादा बेहतर होता, यदि इधर और उधर बैठने वाले आनरेबिल मैम्बर इस इशू को लेकर आते, लेकिन वे नहीं लाए। आपको मालूम है, जम्मू-काश्मीर में मिलिटेंसी है और मिलिटेंसी का मुकाबला करने के लिए वहां सिक्योरिटी फोर्सेस को भेजा गया है। सिक्योरिटी फोर्सेस सब बुरे नहीं है, कुछ अच्छे लोग भी हैं, जो वहां काम कर रहे हैं। लेकिन उनमें कुछ ऐसे लोग भी है, जो अपने अख्तियारात का गलत इस्तेमाल करते हैं। मेरी कान्स्टीचुयेंसी अनंतनाग में अमरनाथ की यात्रा पर जाने के लिए पहल पड़ाव पहलगांव में पड़ता है। उस गांव में बी एस एफ की एक पार्टी गई और एक 17-18 साल की लड़की के साथ घर वालों के सामने बलात्कार किया। यह एक एलीगेशन है। मेरी कान्स्टीचुयेंसी अनंतनाग में बराबर मुजाहिरे और डिमान्सट्रेशन हो रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि ये दिल्ली सरकार के मुलाजिम हैं, इनके खिलाफ कौन सा एक्शन होगा। मैं इस एवान के जरिए इस हुकूमत की नोटिश में लाना चाहता हूं, ऐसे आफिसरों के खिलाफ, जिन्होंने यह जुर्म किया है, सख्त-से-सख्त एक्शन लिया जाए और सिक्योरिटी फोर्सौस को यह हिदायत दी जाए कि वे बेगुनाह लोगों के साथ बहुत अच्छे सलूक से पेश आयें। वहां पर हमारी पार्टी की हुकूमत है। The mainstream parties and those who support militants; they use it against India, against us, and against everything. So, the Government of India should come strongly with a heavy hand against such elements, which create difficulties for the Government of India, for the local administration and violate the human rights. That should never happen in India.

SHRI SIMRANJIT SINGH MANN (SANGRUR): Sir, I also associate with this issue.